सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर,उत्तराखण्ड

- **राजभवन में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान।**
- **राज्यपाल ने झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान में योगदान दिया।**
- **राज्यपाल ने राजभवन के स्वच्छता कार्मिकों को प्रोत्साहित किया।**
- **राजभवन के सभी विभागों और अनुभागों में कार्मिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान।**

राजभवन देहरादून 01 अक्टूबर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत राजभवन परिसर में सफाई अभियान में प्रतिभाग किया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 'स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान' की अपील के अनुरूप राजभवन से सभी प्रदेशवासियों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी 'देशव्यापी स्वच्छता अभियान' में शामिल हुए और राजभवन परिसर के अलावा राजभवन सचिवालय परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तभी हम भारत को स्वच्छ और समृद्ध बना सकते हैं। स्वच्छता के लिए हमें कहीं दूर जाकर कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमें अपने अपने आस–पास ही स्वच्छता के लिए एक दृष्टिकोण बनाना होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमें एक बार फिर से स्वच्छ भारत अभियान को एक ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई है। हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूक और संवेदनशील होने की आवश्यकता है। हम अपने चारों ओर स्वच्छता के लिए नए आयाम विकसित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें स्वच्छता के साथ–साथ श्रमदान के महत्व को भी समझना होगा, हमारे श्रम के द्वारा समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। श्रमदान को दूसरे मायने में समझें तो हमें स्वच्छता के प्रति अपनी शर्म का दान करना होगा अर्थात् संकोच को दूर भगाना होगा।

राज्यपाल ने राजभवन के स्वच्छता कार्मिकों के कार्यों को प्रोत्साहित किया और राजभवन के सभी अधिकारी, कार्मिक और अन्य सभी लोगों को 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सराहा।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, एडीसी मेजर तरुण कुमार, अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, विशेष कार्य अधिकारी श्री राज्यपाल बी.पी. नौटियाल, कम्प्ट्रोलर प्रमोद चमोली, उप सचिव एन. के. पोखरियाल, अनु सचिव जी. डी. नौटियाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय, सहायक निदेशक संजू प्रसाद ध्यानी, सूचनाधिकारी अजनेश राणा, मीडिया को–ऑर्डिनेटर पारितोष बंगवाल सहित राजभवन के सभी अधिकारी, कार्मिक उपस्थित थे।

..........0.........